सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

जिल्द 78 ज्येष्ठ 28, गुरुवार, शाके 1948– जून 18 , 2026 अंक 12
Vol. 78 Jyaistha 28 , Thursday, Saka 1948–June 18, 2026 No. 12

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं गजानन्द बड़ेतिया पुत्र श्री केसर लाल, आयु–33 वर्ष, निवासी ए–3, अम्बेडकर नगर, ईमलीवाला फाटक, जयपुर–302015, राजस्थान का रहने वाला हूँ एवं सशपथपूर्वक बयान करता हूँ कि:–

1. यह कि मैंने मेरे पुत्र के जन्म के समय उसका नाम आरव वर्मा (AARAV VERMA) रख दिया था तथा उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका नाम–आरव वर्मा दर्ज है।
2. यह कि मैंने अभी तक मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज यथा आधार कार्ड इत्यादि नहीं बनवाया है।
3. यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं भविष्य में उसके समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों में उसका नाम आरव वर्मा (AARAV VERMA) के स्थान पर गर्वित (GARVIT) दर्ज करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि भविष्य में मेरे पुत्र को गर्वित (GARVIT) के नाम से जाना व पहचाना जाए।
5. यह कि आरव वर्मा (AARAV VERMA) एवं गर्वित (GARVIT) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं अर्थात दोनों नाम मेरे पुत्र के हैं।
6. यह कि उक्त शपथ पत्र अधीक्षक, राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर में राजस्थान राज–पत्र में प्रकाशित करवाने के लिए प्रस्तुत कर रहा हूँ।

गजानन्द बड़ेतिया
शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं गजानन्द बड़ेतिया पुत्र श्री केसर लाल उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की बिन्दु संख्या 01 लगायत 06 तक वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैंने कोई भी तथ्य छिपाया नहीं है। ईश्वर मेरा साक्षी है

गजानन्द बड़ेतिया
शपथग्रहीता

ATTESTED
GANESH KATARIA
09-04-2026
NOTARY PUBLIC
JAIPUR (RAJ.). RAJ
9289

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।